**Set-3**

**Series RQSP4/4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/4/3**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

| नोट | NOTE |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (II) Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |



https://www.evidyarthi.in/

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – खण्ड **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

(iii) ***खण्ड-क** : प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

(iv) ***खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** से **60** शब्दों में लिखिए ।*

(v) ***खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या **19** से **23** दीर्घ उत्तरीय प्रकार –I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** से **120** शब्दों में लिखिए ।*

(vi) ***खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या **24** से **26** अंश, कार्टून तथा मानचित्र आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

(vii) ***खण्ड – ङ :** प्रश्न संख्या **27** से **30** भी दीर्घ उत्तरीय प्रकार –II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** से **180** शब्दों में लिखिए ।*

(viii) *प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*



https://www.evidyarthi.in/

*GENERAL INSTRUCTIONS :*

***Read the following instructions carefully and follow them :***

(i) *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Question paper is divided into* **FIVE SECTIONS** ***– Section A, B, C, D & E.***

(iii) ***Section A*** *– question number* ***1*** *to* ***12*** *are multiple choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

(iv) ***Section B*** *– question number* ***13*** *to* ***18*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Write answer to each question in* ***50*** *to* ***60*** *words.*

(v) ***Section C*** *– question number* ***19*** *to* ***23*** *are Long Answer type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks. Write answer to each question in* ***100*** *to* ***120*** *words.*

(vi) ***Section D*** *– question number* ***24*** *to* ***26*** *are passage, cartoon and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

(vii) ***Section E*** *– question number* ***27*** *to* ***30*** *are Long Answer type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks. Write answer to each question in* ***170*** *to* ***180*** *words.*

(viii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only* **one** *of the choices in such questions has to be attempted.*

(ix) *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड – क

**प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रकार के 1 अंक के प्रश्न हैं।** **12 × 1 = 12**

1. भारत के किस राज्य में कम्युनिस्ट पार्टी को भारत में पहली बार लोकतांत्रिक चुनावों के माध्यम से सता प्राप्त हुई ? 1

(A) पश्चिम बंगाल (B) केरल

(C) त्रिपुरा (D) मणिपुर

2. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए : 1

**अभिकथन (A)** : भारत, चीन और अन्य विकासशील देशों को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट दी गई थी ।

**कारण (R)** : औद्योगीकरण के दौरान इन देशों में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कुछ खास नहीं था ।

**विकल्प** :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है और कारण (R) सही है ।

3. सूची–I का सूची–II से सही मिलान कीजिए : 1

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| a. | अंटार्कटिका संधि | i. | 1997 |
| b. | मांट्रियल प्रोटोकॉल | ii. | 1991 |
| c. | अंटार्कटिका पर्यावरण प्रोटोकॉल | iii. | 1987 |
| d. | क्योटो प्रोटोकॉल | iv. | 1959 |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – A

**Question No. 1 to 12 are Multiple Choice type questions carrying 1 mark each.** **12 × 1 = 12**

1. For the first time the communist party came to power through democratic elections in which state of India ? **1**

   (A) W. Bengal (B) Kerala

   (C) Tripura (D) Manipur

2. In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Choose the appropriate option as the answer. **1**

   **Assertion (A) :** India, China and other developing countries were exempted from the requirements of Kyoto Protocol.

   **Reason (R)** : Their contribution to the emission of green house gases during the industrialisation period was not significant.

   **Options :**

   (A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

   (B) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

   (C) (A) is correct and (R) is incorrect.

   (D) (A) is incorrect and (R) is correct.

3. Match the List-I correctly with List-II : **1**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| a. | Antarctic Treaty | i. | 1997 |
| b. | Montreal Protocol | ii. | 1991 |
| c. | Antarctic Environmental Protocol | iii. | 1987 |
| d. | Kyoto Protocol | iv. | 1959 |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |



https://www.evidyarthi.in/

4. अच्छे आर्थिक अवसरों की तलाश में, प्रवास करने वाले लोगों को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ? 1

(A) आप्रवासी (B) प्रवासी

(C) शरणार्थी (D) अनिवासी

5. जब कोई देश अपने शत्रुओं के साथ अपने विचार और जानकारी साझा करता है तो इस प्रक्रिया को क्या कहते है ? 1

(A) गठबन्धन बनाना (B) हथियारों पर नियन्त्रण

(C) विश्वास बहाली (D) शक्ति सन्तुलन

6. कौन से मध्य एशियाई देश ने 2001 तक दस वर्ष गृह युद्ध का सामना किया ? 1

(A) ताजिकिस्तान (B) कज़ाखस्तान

(C) उज़्बेकिस्तान (D) अज़रबैजान

7. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए तथा उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए : 1

(i) रूस की क्रान्ति

(ii) अफगानिस्तान पर सोवियत आक्रमण

(iii) सोवियत संघ का विघटन

(iv) द्वितीय विश्व युद्ध का अन्त

**विकल्प**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (i), (iii), (iv), (ii) (D) (i), (iv), (ii), (iii)



https://www.evidyarthi.in/

4. People who seek better economic opportunities abroad are called **1**

(A) Immigrants (B) Migrants

(C) Refugees (D) Non-Residents

5. A process in which the countries share ideas and information with their rivals is called _________. **1**

(A) Alliance Building (B) Arms control

(C) Confidence Building (D) Balance of Power

6. Which Central Asian Republic witnessed a civil war for ten years till 2001 ? **1**

(A) Tajikistan (B) Kazakhstan

(C) Uzbekistan (D) Azerbaijan

7. Arrange the following events in chronological order and choose the correct option as answer : **1**

(i) The Russian Revolution

(ii) The Soviet invasion of Afghanistan

(iii) The disintegration of Soviet Union

(iv) The end of the World War II

**Options :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iv), (iii)

(C) (i), (iii), (iv), (ii) (D) (i), (iv), (ii), (iii)



https://www.evidyarthi.in/

8. भारत के किस राज्य से 'करबी' समुदाय का सम्बन्ध है ? **1**

(A) मणिपुर (B) असम

(C) अरुणाचल प्रदेश (D) नागालैण्ड

9. भारत ने निम्नलिखित में से किस औपनिवेशिक शासन से इण्डोनेशिया की शीघ्र स्वतंत्रता के लिए भरपूर प्रयास किए थे? **1**

(A) ब्रिटिश (B) फ्रांसीसी

(C) पुर्तगाली (D) डच

10. निम्नलिखित प्रश्न में दो कथन दिए गए हैं जिनमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए : **1**

**अभिकथन (A)** : मिज़ो नेशनल फ्रंट (MNF) ने स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र अभियान शुरू किया था ।

**कारण (R)** : स्वतंत्रता के बाद मिज़ो पहाड़ी क्षेत्र को असम के अन्तर्गत एक स्वायत ज़िला बनाया गया था ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) अभिकथन (A) सही है और कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) गलत है और कारण (R) सही है ।

11. चीन ने किस वर्ष तिब्बत पर कब्जा कर लिया था ? **1**

(A) 1950 (B) 1954

(C) 1960 (D) 1962



https://www.evidyarthi.in/

8. 'Karbis' community belongs to which State of India ? **1**

(A) Manipur (B) Assam

(C) Arunachal Pradesh (D) Nagaland

9. India made earnest effort for the early realisation of freedom of Indonesia from the colonial regime of the _______. **1**

(A) British (B) French

(C) Portugese (D) Dutch

10. In the following question, Statement of Assertion (A) is followed by a Statement of Reason (R). Choose the appropriate option as the answer. **1**

**Assertion (A)** : The Mizo National Front (MNF) started an armed campaign for independence.

**Reason (R)** : After independence the Mizo Hill area was made an autonomous district within Assam.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct and (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct and (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect and (R) is correct.

11. In which year did China annex Tibet ? **1**

(A) 1950 (B) 1954

(C) 1960 (D) 1962



https://www.evidyarthi.in/

12. भारत का प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन था ? **1**

(A) एस.एल. शकधर (B) सुकुमार सेन

(C) के.वी.के. सुन्दरम् (D) आर.के. त्रिवेदी

**खण्ड – ख** **6 × 2 = 12**

13. स्वतंत्रता के समय भारत के समक्ष विकास के कौन से दो मॉडल थे ? उनके नाम लिखिए। **2**

14. "आतंकवाद सुरक्षा के लिए एक नया खतरा है।" कथन की पुष्टि कीजिए। **2**

15. पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने किस कारण पश्चिमी पाकिस्तान के प्रभुत्व का विरोध किया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

16. पारम्परिक सुरक्षा के एक घटक के रूप में 'शक्ति संतुलन' की व्याख्या कीजिए। **2**

17. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के प्रयोग को भारत के लिए क्यों जोखिम भरा और खतरनाक कहा गया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

18. भारत में 1989 से गठबन्धन की सरकारों के युग के प्रारम्भ होने के मुख्य कारण को उजागर कीजिए। **2**



https://www.evidyarthi.in/

12. The first Chief Election Commissioner of India was __________. **1**

(A) S.L. Shakdhar (B) Sukumar Sen

(C) K.V.K. Sundaram (D) R.K. Trivedi

## SECTION – B $6 \times 2 = 12$

13. Name the two models of development before India on the eve of independence. **2**

14. "Terrorism is a new threat to security." Support the statement. **2**

15. Why did the people of East Pakistan resent the domination of West Pakistan ? Explain the reason. **2**

16. Explain 'Balance of Power' as a component of traditional security. **2**

17. Why was India's experiment with universal adult franchise described as "bold and risky" ? Explain. **2**

18. Highlight the main reason for the begining of the 'Era of Coalitions' in India in 1989. **2**



https://www.evidyarthi.in/

**खण्ड – ग** **5 × 4 = 20**

19. "नेहरू एशियाई एकता के मुख्य पैरोकार थे ।" कथन को न्यायसंगत ठहराइये । **4**

20. सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । **4**

21. (a) 1975 में भारत में लगाए गए आपातकाल से सीखे गए किन्हीं दो पाठों (सबकों) को उजागर कीजिए । **4**

**अथवा**

(b) 1975 में भारत में लगाए गए आपातकाल के किन्हीं चार परिणामों को उजागर कीजिए । **4**

22. (a) वैश्वीकरण के किन्हीं दो आर्थिक परिणामों की व्याख्या कीजिए । **4**

**अथवा**

(b) वैश्वीकरण के किन्हीं दो राजनीतिक परिणामों की व्याख्या कीजिए । **4**

23. "पंजाब समझौता" पर हस्ताक्षर करने वाले दोनों नेताओं के नाम लिखिए तथा इस समझौते के किन्हीं दो प्रावधानों को स्पष्ट कीजिए । **1 + 3 = 4**



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – C $5 \times 4 = 20$

19. "Nehru was an ardent advocate of Asian Unity." Justify the statement. 4

20. Explain any two causes of the disintegration of the Soviet Union. 4

21. (a) Highlight any two lessons learnt from the imposition of Emergency in India in 1975. 4

**OR**

(b) Highlight any four consequences of the imposition of Emergency in India in 1975. 4

22. (a) Explain any two economic consequences of globalisation. 4

**OR**

(b) Explain any two political consequences of globalisation. 4

23. Name the leaders who signed the Punjab Accord and explain any two provisions of this accord. 4



https://www.evidyarthi.in/

## खण्ड – घ

$3 \times 4 = 12$

24. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

वैश्विक राजनीति के अन्तर्गत, पर्यावरणीय मुद्दों पर अधिक ध्यान देने की प्रक्रिया ने ब्राजील के रियो डी जनेरियों में संयुक्त राष्ट्रसंघ के पर्यावरण और विकास के मुद्दे पर केन्द्रित एक सम्मेलन में ठोस रूप लिया । इसको पृथ्वी–शिखर सम्मेलन भी कहा गया । $4 \times 1 = 4$

(i) पृथ्वी–शिखर सम्मेलन किस वर्ष हुआ था ?

(A) 1990 (B) 1991

(C) 1992 (D) 1993

(ii) निम्नलिखित में से किस देश को क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट दी गई थी ?

(A) संयुक्त राज्य अमरीका

(B) यूनाइटेड किंगडम

(C) फ्रांस

(D) चीन

(iii) निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प रियो शिखर – सम्मेलन का परिणाम नहीं था ?

(A) एजेण्डा-21

(B) सतत धारणीय विकास

(C) साझी परन्तु अलग–अलग ज़िम्मेदारियाँ

(D) क्योटो प्रोटोकॉल

(iv) अस्सी के दशक के मध्य में निम्नलिखित में से किसके ऊपर ओज़ोन परत में छिद्र खोजा गया था ?

(A) अटलाण्टिक महासागर

(B) प्रशान्त महासागर

(C) अंटार्कटिक

(D) आर्कटिक महासागर



https://www.evidyarthi.in/

## SECTION – D

**3 × 4 = 12**

24. Read the passage given below carefully and answer the questions that follow :

The growing focus on environmental issues within the arena of global politics was firmly consolidated at United Nations Conference on Environment and Development held in Rio de Janeiro of Brazil. This was also called the Earth Summit. **4 × 1 = 4**

(i) In which year was the Earth Summit held ?

(A) 1990 (B) 1991

(C) 1992 (D) 1993

(ii) Which one of the following countries was exempted from the requirements of the Kyoto Protocol ?

(A) USA

(B) United Kingdom

(C) France

(D) China

(iii) Which one of the following was not an outcome of the Rio Summit ?

(A) Agenda-21

(B) Sustainable Development

(C) Common but differentiated responsibilities

(D) Kyoto Protocol

(iv) The Ozone hole was discovered in the mid 80's over the _______.

(A) Atlantic Ocean

(B) Pacific Ocean

(C) Antarctic

(D) Arctic Ocean



https://www.evidyarthi.in/

25. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में चार राज्यों को (A), (B), (C) और (D) के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर–पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : **4 × 1 = 4**


| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) वह राज्य जिससे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के. कामराज का सम्बन्ध था ।

(ii) वह राज्य जहाँ से 'आया राम, गया राम' कहावत का जन्म हुआ ।

(iii) वह राज्य जिससे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का सम्बन्ध था ।

(iv) वह राज्य जहाँ 1967 के विधान-सभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था ।






https://www.evidyarthi.in/

25. In the given outline Map of India, four states have been marked as (A), (B), (C) and (D). Identify the States on the basis of the information given below and write their correct names in the answer book alongwith the respective serial numbers of the information used and the concerned alphabet as per the format that follows : **4 × 1 = 4**


| **Sr. No. of the information used** | **Alphabet concerned** | **Name of the State** |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |

(i) The State to which the former Congress President K. Kamraj belonged.

(ii) The State from where the phrase 'Aya Ram, Gaya Ram' originated.

(iii) The State to which former Prime Minister Lal Bahadur Shastri belonged.

(iv) The State where the Congress Party did not get majority in 1967 assembly elections.






https://www.evidyarthi.in/

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं।** **4 × 1 = 4**


(25.1) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ 1967 के विधान–सभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ था।

(25.2) उस राज्य का नाम लिखिए जिससे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सम्बन्धित थे।

(25.3) किस राज्य से 'आया राम, गया राम' कहावत का जन्म हुआ था ?

(25.4) किस राज्य से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के. कामराज का सम्बन्ध था ?

26. नीचे दिए गए श्रीलंका से संबंधित कार्टून का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**




(i) कार्टून में दिखाया गया 'बाघ' किस समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है ?

(ii) कार्टून में दिखाया गया शेर किस समुदाय का प्रतिनिधित्व करता है ?

(iii) राजपक्षे द्वारा सन्तुलन बैठाने के करतब का क्या उद्देश्य है ? स्पष्ट कीजिए।



https://www.evidyarthi.in/

**Note : The following questions are only for the Visually Impaired Candidates in lieu of question number 25.** **4 × 1 = 4**


(25.1) Name the State where the Congress Party did not get majority in the 1967 assembly elections.

(25.2) Name the State to which the former Prime Minister Lal Bahadur Shastri belonged.

(25.3) The phrase 'Aya Ram, Gaya Ram' originated from which State ?

(25.4) The former Congress President K. Kamraj belonged to which State ?

26. Study the cartoon given below related to Sri Lanka and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**




(i) Which community does the tiger shown in the cartoon represent ?

(ii) Which community does the Lion shown in the cartoon represent ?

(iii) What did the balancing act by Rajpakshe aim at ? Explain.



https://www.evidyarthi.in/

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर हैं।**

**4 × 1 = 4**

(26.1) श्रीलंका के दो प्रमुख समुदायों के नाम लिखिए।

(26.2) लिट्टे का विस्तृत रूप लिखिए।

(26.3) श्रीलंका किस वर्ष स्वतंत्र हुआ था ?

(26.4) कौन से देश ने श्रीलंका के जातीय संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभाई ? उसका नाम लिखिए।

## खण्ड – ङ

**4 × 6 = 24**

27. (a) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के संगठन तथा उसे अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए प्रस्तावित सुधारों का वर्णन कीजिए। **6**

**अथवा**

(b) शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व राजनीति में आए किन्हीं चार परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। **6**

28. (a) यूरोपीय संघ को विश्व का एक प्रभावशाली क्षेत्रीय संगठन बनाने वाले किन्हीं चार कारकों का विश्लेषण कीजिए। **6**

**अथवा**

(b) क्षेत्रीय संगठनों को स्थापित करने के किन्हीं चार उद्देश्यों का विश्लेषण कीजिए। **6**



https://www.evidyarthi.in/

**Note :** **The following questions are only for the Visually Impaired Candidates in lieu of question number 26.** **4 × 1 = 4**

(26.1) Name the main communities of Sri Lanka.

(26.2) Write the correct expansion of LTTE.

(26.3) In which year did Sri Lanka get independence ?

(26.4) Name the country which mediated in the Ethnic conflict ? Sri Lanka.

## SECTION – E **4 × 6 = 24**

27. (a) Describe the composition of the United Nations Security Council and the suggested reforms to make it more relevant. **6**

**OR**

(b) Describe any four changes that occurred in world politics after the end of Cold War. **6**

28. (a) Analyse any four factors that make the European Union an influential regional organisation of the world. **6**

**OR**

(b) Analyse any four objectives of establishing the regional organisations. **6**



https://www.evidyarthi.in/

29. (a) स्वतंत्रता के पश्चात भारत में राज्यों के पुनर्गठन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। **6**

**अथवा**

(b) देसी रियासतों के भारत संघ में विलय से जुड़ी किन्हीं तीन समस्याओं का वर्णन कीजिए। **6**

30. (a) भारत की अधिकांश राजनीतिक पार्टियों के बीच उभरे सहमति के किन्हीं तीन महत्त्वपूर्ण मुद्‌दों की व्याख्या कीजिए। **6**

**अथवा**

(b) 1989 के बाद भारत में बनी गठबन्धन की सरकारों के किन्हीं तीन लाभों की व्याख्या कीजिए। **6**

---



https://www.evidyarthi.in/

29. (a) Describe the process of reorganisation of States in India after independence. **6**

**OR**

(b) Describe any three problems faced by India to get the merger of princely states into the India Union. **6**

30. (a) Explain any three important issues on which a consensus has emerged among most political parties of India. **6**

**OR**

(b) Explain any three benefits of the coalition governments formed in India since 1989. **6**

---



https://www.evidyarthi.in/

https://www.evidyarthi.in/